

# तेंदुए को मफलर में फंसाकर खींचने की कोशिश..!

## मुकुंदपुर जू का वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**सतना,03 दिसम्बर. मैहर जिले के मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी और जू में सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करने वाला एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ है. वीडियो में एक युवक तेंदुए के एनक्लोजर के बिल्कुल पास जाकर मफलर को लोहे की जाली के बीच से अंदर डालने के बाद तेंदुए को खींचने की कोशिश करता दिख रहा है. इस वीडियो के वायरल होने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है.**



मैहर जिले के मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी और जू में सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करने वाले वीडियो में एक युवक तेंदुए के एनक्लोजर के बिल्कुल पास जाकर मफलर को लोहे की जाली के बीच से अंदर डालने के बाद तेंदुए को खींचने की कोशिश करता दिख रहा है. तेंदुआ कुछ क्षण के लिए मफलर को पकड़ भी लेता है. यह हरकत जू में बड़े हादसे का सबब बन सकती थी. जिस वक्त यह सब किया गया, तो मौके जू का कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था. लापरवाही के कारण युवक बेखौफ होकर यह करतूत करता रहा. जानकारों का कहना है कि यह मुकुंदपुर जू के नौ साल के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब किसी आगंतुक ने इस तरह वन्य जीव के साथ छेड़छाड़ की. विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसा करने पर जंगली प्राणी उत्तेजित होकर हमला कर सकते हैं, जिससे आगंतुकों और जानवर दोनों को गंभीर चोट लगने की आशंका रहती है.

### गार्ड था नदारद

जानकारी के अनुसार यह घटना मुकुंदपुर जू के स्लॉट नंबर 38 के पास हुई, जहां तेंदुए का बाड़ा बनाया गया है. सामान्यतः एनक्लोजर के आसपास कर्मचारी तैनात रहते हैं, लेकिन घटना के वक्त वहां कोई गार्ड मौजूद नहीं था. यही वजह है कि युवक ने बेधड़क मफलर डालकर तेंदुए को उकसाया और वीडियो बनाने वालों ने इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. इस गैरजिम्मेदाराना हरकत ने जू प्रबंधन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

### जांच में जुटा जू प्रबंधन

जू-प्रबंधन का कहना है कि वीडियो संज्ञान में आया है और इसकी जांच की जा रही है. अधिकारियों ने स्वीकार किया कि घटना के समय संबंधित स्लॉट से कर्मचारी अनुपस्थित था. बताया गया कि 11 बजे के आसपास यह वीडियो रिकॉर्ड किया गया था. नियमों के अनुसार, किसी भी एनक्लोजर के पास आगंतुकों जानवरों को छेड़छाड़ की अनुमति नहीं होती है और इसकी सुरक्षा में कर्मचारी तैनात रहते हैं. इसके बावजूद इस तरह की लापरवाही सुरक्षा प्रोटोकॉल पर सवाल उठाती है.

# नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना,0 3 दिसंबर. मैहर जिले के बदेरा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी पुलिस ने गुजरात के बड़ोदरा से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.**

थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पिता द्वारा अपनी नाबालिग बेटी के अचानक कहीं चले जाने की शिकायत 25 नवंबर को की गई थी. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर पड़ताल शुरु की गई. जिसके जरिए लड़की के गुजरात के बड़ोदरा में होने की जानकारी सामने आई. जिसके आधार पर पुलिस टीम ने लड़की को वहां से दस्तयाब कर लिया. अपने कथन में लड़की ने बताया कि ग्राम जूना केशराना मुवाडा जिला बड़ोदरा का निवासी सतीष वादी पिता रमन भाई वादी उम्र 19 वर्ष उसे बहला-फुसला कर भगा ले गया था. जहां पर आरोपी युवक ने लड़की के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए.

यह देखते हुए पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

# मध्याह्न भोजन को लोहे के बर्तन में बनाने के निर्देश

## मझगवां सीईओ ने दिए आदेश

नवभारत न्यूज

**सतना,03 दिसम्बर. जनपद पंचायत मझगवां के सीईओ महिपाल सिंह गुर्जर ने मध्यान्ह भोजन में बदलाव का निर्देश दिए हैं।**



आदेश के अनुसार अब एल्मुनियम-जर्मन एल्मुनियम की कढ़ाई के बजाय लोहे की कढ़ाई में खाना पकाया जायेगा। ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत महिला स्व सहायता समूह मध्याह्न भोजन का संचालन प्राथ.-माध्य. विद्यालयों में किया जा रहा है लेकिन यह देखा गया है कि एल्मुनियम -जर्मन एल्मुनियम की कढ़ाई में सब्जी एवं अन्य खाद्य पदार्थ पकाये जाने का कार्य विद्यालयों में किया जा रहा है। विश्व स्वास्थय संगठन ने लोहे के बर्तनों के उपयोग को आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को कम करने की एक संभावित रणनीति के रूप में पहचाना है। जिसके तहत लोहे की कढ़ाई मे खाना पकाने के निर्देश दिए गए है।

# निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से मासूम की मौत

## चपेट में आने से एक राहगीर गंभीर तौर पर घायल

नवभारत न्यूज

**सतना,03 दिसम्बर. कोलगवां थाना अंतर्गत सिद्धार्थ नगर स्थित दुर्गा मंदिर के पास निर्माणाधीन मकान की कच्ची दीवार गिरने से मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में जगाई एक मासूम बालिका की मौत हो गई।जबकि चपेट में आने से एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया।**





प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिद्धार्थ नगर निवासी दीपक तिवारी के घर में निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान पास में बनी लगभग 9 फीट ऊँची कच्ची दीवार अचानक शाम करीब 5.30 बजे भरभराकर गिर पड़ी। उसी समय गली से गुजर रही मासूम माही कोरी उम्र 6 वर्ष पिता श्यामपाल कोरी, दीवार गिरने से मलबे में दब गई। साथ ही पास में मौजूद राहगीर संतोष पांडे भी मलबे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत सभी को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान मासूम माही कोरी की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल संतोष पांडे का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विश्व विकलांगता दिवस पर खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

▶ सिविल लाइन चैपाटी में हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सतना, 03 दिसम्बर विश्व विकलांगता दिवस के मौके पर बुधवार को सिविल लाइन चैपाटी में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल के मुख्यातिथ्य और उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह की अध्यक्षता में खेलकूद तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।**



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम में स्नेह सदन स्पेशल स्कूल एवं प्रेम सदन स्कूल कोठी के लगभग 148 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद की प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने खेलकूद, रंगोली, चित्रकला एवं विविध कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अतिथियों ने खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों के सफल छात्र-छात्राओं को उपहार भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा शुभकामनायें दी। इस मौके पर उप संचालक सामाजिक न्याय राजीव सिंह, स्नेह सदन की प्राचार्य किरण, प्रेम सदन की जैनेट, जिला युवा समन्वय खेल विभाग ज्योति तिवारी, जिला खेल प्रशिक्षण रमा उइके, समग्र अधिकारी ज्योति गर्ग, शोभा तिवारी, स्वेता सिंह, रचना वर्मा, रोशनी कुशवाहा, उमाशंकर गौतम, सत्यदेव नापित, मोतीलाल साकेत, प्रशांत प्रजापति, फिजियोथेरेपी डॉ. अमर सिंह सहित स्नेह सदन और प्रेम सदन विद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन केके शुक्ला द्वारा किया गया।

# महापौर ने सड़क निर्माण स्थल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना,03 दिसम्बर. नगर निगम महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने बुधवार को वार्ड क्रमांक-05 में प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य के स्थल का निरीक्षण किया।**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। महापौर ने कहा कि सड़क निर्माण के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी तथा स्थानीय यातायात व्यवस्था भी सुगम होगी।

उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर निगम नागरिक सुविधाओं के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रहा है और शहर के प्रत्येक वार्ड में अधोसंरचना को मजबूत बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

# जिला बैठक में कार्यकारिणी विस्तार की बनी रुपरेखा

नवभारत न्यूज

**सतना,0 3 दिसम्बर. एक दिवसीय प्रवास में आए सहकार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि शुक्ल की उपस्थित में एवं सहकार भारती के रीवा विभाग सह संयोजक संजय शाह के साथ सतना जिला के कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई.**



बैठक में संजय शाह द्वारा सहकार भारती के गीत का गायन किया गया एवं ऋषि शुक्ल द्वारा सहकार भारती के कार्य एवं सहकारिता के महत्व के विषय में जानकारी प्रदान की गई एवं आगामी केंद्रीय पदाधिकारी कुलदीप पांडेय राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रमुख के रीवा विभाग में होने वाले प्रवास की योजना के साथ जिला में संगठन का विस्तार की रूप रेखा ,सहकारी संस्थाओं के सदस्यों का जिला सह सम्मेलन,केंद्रीय कार्यालय निर्माण के संबंध में संग्रहित होने वाले सहयोग निधि ,कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग के विषय पर गहन विचार विमर्श किया गया बैठक मे प्रमुख रूप से सहकार भारती के जिलाध्यक्ष आशीष शुक्ल,जिला महिला प्रमुख अभिलाषा मिश्रा , जिला महामंत्री केके तिवारी इंद्रकांत शुक्ला अतुल शुक्ला हिमांशु त्रिपाठी ,सम्मिलित रहे।

# आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त करे सरकार : सपाक्स



नवभारत न्यूज

**सतना,0 3 दिसम्बर. सामान्य पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग अधिकारी कर्मचारी संस्था ( सपाक्स ) सतना जिलाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर सतना को सौंपा गया।**

ज्ञापन में संतोष वर्मा आय ए एस द्वारा बेटियों के विरूद्ध घोर अपमान जनक टिप्पणी करने के विरोध में श्री वर्मा को तत्काल पद से बर्खास्त करने की मांग की गई ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो । कार्यक्रम में ज़िला नोडल अधिकारी संजय उरमलिया, संयुक्त कर्मचारी मोर्चा अध्यक्ष बालमीक शुक्ला, शशि शुक्ला, पूरन त्रिपाठी, अतुल सिंह, सुरेश कुशवाहा, प्रभेन्द्र गौतम,राजेश बाजपेयी, प्रभात गौतम, एलएन त्रिपाठी, अनुपम तिवारी, विवेक सिंह, नत्थूलाल सेन, ओमप्रकाश तिवारी, विवेक सिंह राजस्व, दीपक द्विवेदीआदि उपस्थित रहे.

# केंद्रीय उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक में तंबाकू पर टैक्स बढ़ाने का सांसद ने किया स्वागत

## नशा रोकना विकसित भारत की पहली शर्त : गणेश

नवभारत न्यूज

**सतना, 03 दिसम्बर. लोकसभा में केंद्रीय उत्पाद शुल्क ( संशोधन ) विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान सतना के सांसद गणेश सिंह ने सबसे पहले वित्त मंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि तंबाकू और तंबाकू उत्पादों से होने वाली गंभीर बीमारियों को रोकने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम है।**



उन्होंने कहा कि सस्ते नशे की लत ने गरीब और मध्यम वर्ग के युवाओं को सबसे ज्यादा अपना शिकार बनाया हुआ है। एक व्यक्ति की गंभीर बीमारी पूरे परिवार को तबाह कर देती है, धन भी जाता है और धर्म भी चला जाता है। सांसद ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि भारत में अभी 38.3 प्रतिशत लोग तंबाकू और इसके उत्पादों का सेवन कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने 2025-26 तक इसमें 43 प्रतिशत की कमी करने का संकल्प लिया है, जो अत्यंत सराहनीय है। गणेश सिंह ने कहा कि एक ओर हम विकसित भारत की बात कर रहे हैं, दूसरी ओर अगर हमारी मानव शक्ति ही बीमार रहेगी तो प्रगति अधर में लटक जाएगी। इसलिए जन स्वास्थ्य की रक्षा के लिए तंबाकू उत्पादों पर अधिक से अधिक कर लगाना राष्ट्रहित में है। साथ ही सांसद ने तंबाकू किसानों और बीड़ी मजदूरों के हितों का भी ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने बताया कि देश में करीब 1 लाख 11 हजार हेक्टेयर भूमि पर तंबाकू की खेती करने वाले किसान पहले ही वैकल्पिक फसलें लेना शुरू कर चुके हैं। इन किसानों को और प्रोत्साहित करने तथा वैकल्पिक फसलों व रोजगार के नए अवसर देने की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है.

# मादक पदार्थों को रोकने विभाग प्रभावी कार्यवाही करें : रानी

नवभारत न्यूज

**सतना, 03 दिसंबर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नार्कोटिक्स क्वार्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की संपन्न बैठक में नशीले पदार्थो के उपयोग को रोकने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा अपने स्तर से प्रभावी कार्यवाही जारी रखने का निर्णय लिया गया।**



इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर संजना जैन, एडिशनल एसपी चंचल नागर, एसडीएम दिव्या पटेल, उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय, प्रभारी सीएमएचओ डॉ. मनोज शुक्ला, उप संचालक सामाजिक न्याय राजीव सिंह, एसडीओ फारेस्ट यशपाल मेहरा, सहायक आबकारी अधिकारी लोकेश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र बांगरे भी उपस्थित थे। कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि नशीले पदार्थों के उपयोग को रोकने और मादक पदार्थो के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने सभी विभाग अपने स्तर से प्रभावी कार्यवाही जारी रखें। लोगों में जागरूकता लाने अवारनेंस कैंप भी लगायें।

### फूलों के विक्रय के लिए मंदिर समिति स्थान उपलब्ध कराएगी

**सतना, 03 दिसंबर.** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मैहर के प्रसिद्ध मां शारदा देवी मंदिर से फूलों की खेती करने वाले किसानों को संबद्ध करने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आस-पास के गांव के किसानों की बैठक लेकर उन्हें अपने उपज की विक्रय करने के लिए मंदिर परिसर में मंदिर समिति द्वारा स्थान उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। फूलों की खेती करने वाले किसानों से कलेक्टर ने कहा कि मैहर शहर के लगे हुए आस-पास की ग्राम पंचायतों में फूलों की खेती करने वाले किसानों को मंदिर प्रबंधन समिति से जोडे और फूलों की खेती को बढावा दें।

# रेलवे के रनिंग स्टाफ ने मांगों के समर्थन में हड़ताल जारी रखी

नवभारत न्यूज

**सतना,03 दिसम्बर. ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के सदस्य लंबित मांगों के प्रति लगातार उदासीनता के खिलाफ देशव्यापी विरोध के रूप में 48 घंटे की भूख हड़ताल कर रहे हैं।**




भूख हड़ताल के मुख्य कारण 9 घंटे की ड्यूटी सीमा की अनुमति देने वाले नियमों के बावजूद, लोको पायलटों ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के डर से लगातार 12 से 16 घंटे काम करने के लिए मजबूर होने की रिपोर्ट की ।भर्ती पर पांच साल की रोक से बड़ी संख्या में रिक्तियां हो गई हैं (देश भर में 20,000 से अधिक रनिंग स्टाफ की कमी है), जिससे मौजूदा लोको पायलटों को क्षतिपूर्ति के लिए अनुमानित 20 प्रतिशत अतिरिक्त काम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नौकरी की मांग वाली प्रकृति, जिसके लिए प्रतिकूल मौसम में निरंतर ध्यान और सतर्कता की आवश्यकता होती है, लंबे समय तक काम करना, उचित आराम की कमी और सिग्नल पास एट डेंजर (एसपीएडी) घटनाओं के लिए बर्खास्तगी का डर (यहां तक कि बिना किसी दुर्घटना के भी), महत्वपूर्ण मानसिक तनाव और थकान की ओर ले जाता है नाइट ड्यूटी और आउटस्टेशन स्टे वायलेशन- जबकि दूसरे स्टाफ कैटेगरी की नाइट ड्यूटी लिमिटेड होती है.

## एक नजर में




### श्रद्धा को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मान

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना की सहायक प्राध्यापक श्रद्धा पांडेय ने अपने शोध की उत्कृष्ट प्रस्तुति से विशेष पहचान बनाई। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय में आचरण अध्ययन केंद्र, अशोका विश्वविद्यालय के सहयोग से 28-29 नवम्बर 2025 को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कार्यस्थल और समाज में मानव व्यवहार सिद्धांत, व्यवहार और नीति के बीच सेतु बनाने का बहुविषयक दृष्टिकोण में उनके शोध कार्य की उच्च स्तरीय सराहना करते हुए उन्हें मान्यता-पत्र प्रदान किया गया।

### बोनान्ज़ा ने किया 4 पिकनिक का आयोजन

सतना। बोनान्ज़ा का0 हा0 से0 स्कूल के लगभग 800 से अधिक छात्र-छात्राओं ने कालिंजर किला, कुर्दननाथ आश्रम, रामपुर, मुकुंदपुर, द लेक व्यूह हेवेन जोन एवं आर्ट इचौल में अलग-अलग ग्रुप में भ्रमण किया। विद्यालय के चेयरपर्सन गौरव अरोरा की सोच है कि पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अलग देखने, सीखने व समझने का मौका भी बच्चों को विद्यार्थी जीवन में ही मिलना चाहिए ताकि वह आलराउण्डर बन सके. वापसी पर विद्यालय के डायरेक्टर दिलीप अरोरा, चेयरपर्सन व प्राचार्य ने एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन कर ऐसे पिकनिक कार्यक्रम के महत्व को निरूपित किया तथा इससे होने वाले ज्ञान व लाभ से अवगत कराया।



### भड़काऊ बयान पर कार्यवाही की मांग

**सतना।** भोपाल में मौलाना मोहम्मद अरशद मदनी ने जिस प्रकार से हिंदुओं के खिलाफ नफरत होने का काम किया है। वह नंदिनी है देश के सर्वोच्च न्यायालय पर टिप्पणी कर राम और कृष्ण पर अभद्र बातें रखकर हिंदू को भड़काने का काम किया है विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा जिला के सभी तहसील केंद्र में आज मौलाना मोहम्मद अरशद मदनी के खिलाफ शिकायत पत्र देखे मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है बड़ी संख्या में इस हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ हिंदू भाई शामिल होकर के अपना विरोध दर्ज कराया है सतना जिला के आज नागौद, जैतवारा, बिरसिंहपुर , कोटर और सिविल लाइन थाना में बड़ी संख्या में लोगों ने शिकायती आवेदन देकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया है जिला के बचे हुए थाना में आगामी दिनों में शिकायती आवेदन दिए जाएंगे।